डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)
DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

अमर उजाला माईसिटी

दिनांक: 12 मई, 2025 पृष्ठ संख्या: 03

# अवध विश्वविद्यालय की पीजी सम सेमेस्टर परीक्षाएं 22 मई से

## दो पालियों की सेमेस्टर परीक्षा में 97,802 परीक्षार्थी होंगे शामिल

अमर उजाला ब्यूरो

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने एमए, एमएससी और एमकॉम के दूसरे और चौथे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर दो जून तक चलेंगी। परीक्षा को सकुशल कराने के लिए यूजी के 494 केंद्रों पर दो पालियों में पीजी की परीक्षा कराई जाएंगी। इनमें कुल 97,802 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा में 30,681 छात्र व 67,121 छात्राएं शामिल होंगी।

प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों को निर्देश प्रदान कर दिए हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह सात से नौ बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि 22 मई से दो जून तक होने वाली पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए सात जिलों में कुल 19 नोडल केंद्र बनाए गए हैं। यहां पर उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन किया जाएगा।

### उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन के लिए सात जिलों में 19 नोडल केंद्र बनाए गए

विश्वविद्यालय की ओर से नियुक्त सचल दल और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सेमेस्टर की परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की ओर से मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेंदु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से एनईपी पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इस परीक्षा को सकुशल कराने के लिए आवासीय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों व केंद्राध्यक्षों को सूचित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी परीक्षा कार्यक्रम अपलोड है।

### आवासीय परिसर और संबद्ध कॉलेजों में एक से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित

- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर और संबद्ध कॉलेजों में एक से 30 जून तक के लिए ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया गया है। इस अवधि में विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होती रहेंगी। कुलसचिव की ओर से अवकाश के संबंध में जारी की गई अधिसूचना में कहा गया है कि सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को विश्वविद्यालय परिसर के संकायाध्यक्ष, निदेशक, विभागाध्यक्ष व पाठ्यक्रम समन्वयकों के साथ संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों की ओर से बुलाए जाने पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित शिक्षक पाठ्यक्रम पूरा करने के साथ आंतरिक मूल्यांकन और अध्ययन बोर्ड का काम पूरा करने के बाद ही अवकाश का उपभोग करेंगे। ग्रीष्मावकाश की अवधि में शैक्षणिक और परीक्षा संबंधी कार्यों में शामिल शिक्षकों को एक के सापेक्ष एक प्रतिकर अवकाश प्रदान किया जाएगा। इस अवधि में विश्वविद्यालय के कार्यालय खुले रहेंगे।

# हिन्दुस्तान

दिनांक:12 मई, 2025 पृष्ठ संख्या: 06


# परास्नातक सेमेस्टर की परीक्षा 22 से

**अवध विवि**

- सात जिले के 494 केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं, दो जून तक चलेंगी
- दो पालियों की परीक्षा में 97 हजार 807 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**अयोध्या, संवाददाता।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने एमए, एमएससी व एमकाम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परस्नातक की परीक्षाएं 22 मई से आगामी दो जून तक चलेगी। सात जिले के 494 केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षा होगी। इसमें कुल 97 हजार 802 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

अवध विवि आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालय की परीक्षा में 30 हजार 681 छात्र व 67 हजार 121 छात्राएं शामिल होंगी। शासन की मंशा के अनुरूप नकल विहीन परीक्षा के लिए विवि प्रशासन ने परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को आवश्यक निर्देश री किए हैं। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः सात से नौ बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न तीन बजे से सायं पांच बजे तक होगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए सात जिले में कुल 19 नोडल केन्द्र बनाए गए हैं। यहां पर उत्तर-पुस्तिकाओं का संकलन किया जाएगा।

विवि की ओर से नियुक्त सचल दल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सेमेस्टर की परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों द्वारा मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे।

मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विवि द्वारा एनईपी पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं केन्द्राध्यक्षों को सूचित किया जा चुका है। विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर भी परीक्षा कार्यकम अपलोड कर दिया गया है।

अवध विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सभी परीक्षार्थियों को सूचित कर दिया गया है कि परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचे। विलंब से आने पर उन्हें पछताना पड़ सकता है। इसके अलावा परीक्षार्थियों के पास परीक्षा के दौरान कोई भी अनुचित सामग्री पाई गई तो उसे परीक्षा से बाहर कर दिया जाएगा।

इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर कॉपियों पर जमा करने की जिम्मेदारी नोडल केंद्र के प्रभारियों की रहेगी।

राष्ट्रीय सहारा

दिनांकः 12 मई, 2025 पृष्ठ संख्याः 03

# अवध विवि : पीजी सम सेमेस्टर परीक्षाएं 22 से

**अयोध्या (एसएनबी)।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने एमए, एमएससी व एमकॉम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। ये परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर दो जून तक चलेंगी।

परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये 494 केंद्रों पर दो पालियों में पीजी की परीक्षा कराई जाएगी। इनमें कुल 97 हजार 802 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा में 30 हजार 681 छात्र व 67 हजार 121 छात्राएं शामिल होंगी। नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिये हैं। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 07 से 09 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03 बजे से सायं 05 बजे तक सम्पन्न होगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि पीजी परीक्षा के लिए सात जनपदों में कुल 19 नोडल केंद्र बनाये गये है जिनमें उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन किया जाएगा।

**परीक्षा में 97 हजार 802 विद्यार्थी होंगे शामिल**

विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेंदु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय ने एनईपी पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिये आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं केंद्राध्यक्षों को सूचित किया जा चुका है। विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर भी परीक्षा कार्यकम अपलोड है।

# अमृत विचार

दिनांक: 12 मई, 2025 पृष्ठ संख्या: 03

## सार-संक्षेप

### अवध विवि की एनईपी पीजी सम-सेमेस्टर परीक्षाएं 22 से



**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विवि प्रशासन ने एमए, एमएससी व एमकॉम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। यह परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर दो जून तक चलेंगी। यह परीक्षाएं 494 केंद्रों पर दो पालियों में कराई जाएंगी, जिसमें 97802 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसमें 30681 छात्र व 67121 छात्राएं हैं। प्रथम पाली की परीक्षा प्रात : 07 से 09 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03 बजे से सायं 05 बजे तक होगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि पीजी परीक्षा के लिए सात जनपदों में कुल 19 नोडल केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त सचल दल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सेमेस्टर की परीक्षा कराई जाएगी।

# स्वतंत्र चेतना

दिनांक: 12 मई, 2025 पृष्ठ संख्या: 03


# अविवि : 22 से शुरू होगी पीजी सम-सेमेस्टर की परीक्षाएं, तैयारियां पूरी

## दो पालियों की परीक्षा में 97802 परीक्षार्थी होगें शामिल

**स्वतंत्र चेतना, अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने एमए, एमएससी व एमकॉम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। यह परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए यूजी के 494 केन्द्रों पर दो पालियों में पीजी की परीक्षा कराई जायेगी जिनमें कुल 97802 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा में 30681 छात्र व 67121 छात्राएं शामिल होंगी। उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को यथा आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिए है। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 07 से 09 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03 बजे से सायं 05 बजे तक सम्पन्न होगी।




विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। पीजी परीक्षा के लिए सात जनपदों में कुल 19 नोडल केन्द्र बनाये गए है जिनमें उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त सचलदल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सेमेस्टर की परीक्षा कराई जायेगी। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों द्वारा मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम 08 मई को जारी कर दिया गया है। उक्त परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं केन्द्राध्यक्षों को सूचित किया जा चुका है। विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर भी परीक्षा कार्यक्रम अपलोड है।

स्वतंत्र भारत

दिनांक: 12 मई, 2025 पृष्ठ संख्या: 09

# अवध विवि की एनईपी पीजी सम-सेमेस्टर परीक्षाएं 22 मई से

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने एमए, एमएससी व एमकॉम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। यह परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए यूजी के 494 केन्द्रों पर दो पालियों में पीजी की परीक्षा कराई जायेगी जिनमें कुल 97802 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा में 30681 छात्र व 67121 छात्राएं शामिल होंगी। उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को यथा आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिए है। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 07 से 09 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03 बजे से सायं 05 बजे तक सम्पन्न होगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। पीजी परीक्षा के लिए सात जनपदों में कुल 19 नोडल केन्द्र बनाये गए है जिनमें उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त सचलदल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सेमेस्टर की परीक्षा कराई जायेगी। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों द्वारा मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम 08 मई को जारी कर दिया गया है। उक्त परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं केन्द्राध्यक्षों को सूचित किया जा चुका है। विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर भी परीक्षा कार्यकम अपलोड है।

# कुटुंब जागरण

दिनांकः 12 मई, 2025 पृष्ठ संख्याः 04

# अवध विवि की एनईपी पीजी सम-सेमेस्टर परीक्षाएं 22 मई से

- दो पालियों की सेमेस्टर परीक्षा में 97802 परीक्षार्थी शामिल होंगे

कुटुंब जागरण ब्यूरो,

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने एमए, एमएससी व एमकॉम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। यह परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए यूजी के 494 केन्द्रों पर दो पालियों में पीजी की परीक्षा कराई जायेगी जिनमें कुल 97802 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा में 30681 छात्र व 67121 छात्राएं शामिल होंगी। उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को यथा आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिए है। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 07 से 09 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03 बजे से सायं 05 बजे तक सम्पन्न होगी।विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। पीजी परीक्षा के लिए सात जनपदों में कुल 19 नोडल केन्द्र बनाये गए है जिनमें उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त सचलदल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सेमेस्टर की परीक्षा कराई जायेगी। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों द्वारा मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुवेर्दी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम 08 मई को जारी कर दिया गया है। उक्त परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं केन्द्राध्यक्षों को सूचित किया जा चुका है। विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर भी परीक्षा कार्यकम अपलोड है।

# गाँव देश

दिनांक: 12 मई, 2025 पृष्ठ संख्या: 05


## अवध विवि की एनईपी पीजी सम-सेमेस्टर परीक्षाएं 22 से

### दो पालियों की सेमेस्टर परीक्षा में 97802 परीक्षार्थी शामिल होंगे

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने एमए, एमएससी व एमकॉम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। यह परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए यूजी के 494 केन्द्रों पर दो पालियों में पीजी की परीक्षा कराई जायेगी जिनमें कुल 97802 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा में 30681 छात्र व 67121 छात्राएं शामिल होंगी।

उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को यथा आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिए है। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 07 से 09 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03 बजे से सायं 05 बजे तक सम्पन्न होगी।विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। पीजी परीक्षा के लिए सात जनपदों में कुल 19 नोडल केन्द्र बनाये गए है जिनमें उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त सचलदल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सेमेस्टर की परीक्षा कराई जायेगी। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों द्वारा मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुवेर्दी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम 08 मई को जारी कर दिया गया है। उक्त परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं केन्द्राध्यक्षों को सूचित किया जा चुका है। विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर भी परीक्षा कार्यकम अपलोड है।

# अवध विवि की एनईपी पीजी सम–सेमेस्टर परीक्षाएं 22 मई से

## दो पालियों की सेमेस्टर परीक्षा में 97802 परीक्षार्थी शामिल होंगे

**(शान्तिमोर्चा संवाद)**

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने एमए, एमएससी व एमकॉम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। यह परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए यूजी के 494 केन्द्रों पर दो पालियों में पीजी की परीक्षा कराई जायेगी जिनमें कुल 97802 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा में 30681 छात्र व



67121 छात्राएं शामिल होंगी। उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को यथा आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिए है। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 07 से 09 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03 बजे से सायं 05 बजे तक सम्पन्न होगी।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। पीजी परीक्षा के लिए सात जनपदों में कुल 19 नोडल केन्द्र बनाये गए है जिनमें उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त सचलदल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सेमेस्टर की परीक्षा कराई जायेगी। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों द्वारा मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम 08 मई को जारी कर दिया गया है।

उक्त परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं केन्द्राध्यक्षों को सूचित किया जा चुका है। विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर भी परीक्षा कार्यकम अपलोड है।

अवध गाथा

दिनांकः 12 मई, 2025 पृष्ठ संख्याः 03

# अवध विवि की एनईपी पीजी सम-सेमेस्टर परीक्षाएं 22 से

दो पालियों की सेमेस्टर परीक्षा में 97802 परीक्षार्थी शामिल होंगे

**अवध गाथा संवाददाता**

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने एमए, एमएससी व एमकॉम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। यह परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए यूजी के 494 केन्द्रों पर दो पालियों में पीजी की परीक्षा कराई जायेगी जिनमें कुल 97802 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा में 30681 छात्र व 67121 छात्राएं शामिल होंगी। उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को यथा आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिए है। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 07 से 09 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03 बजे से सायं 05 बजे तक सम्पन्न होगी।विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि पीजी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 02 जून तक चलेगी। पीजी परीक्षा के लिए सात जनपदों में कुल 19 नोडल केन्द्र बनाये गए है जिनमें उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त सचलदल व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सेमेस्टर की परीक्षा कराई जायेगी। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों द्वारा मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुवेर्दी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी पीजी सम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम 08 मई को जारी कर दिया गया है। उक्त परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं केन्द्राध्यक्षों को सूचित किया जा चुका है। विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर भी परीक्षा कार्यकम अपलोड है।